**CLASS : 12th (Sr. Secondary)** **Code No. 3612**

**Series : SS-M/2018**

*Roll No.* | | | | | | | | | | |

***SET : C***

# इतिहास

# HISTORY

[ Hindi and English Medium ]

***ACADEMIC/OPEN***

(Only for Fresh/Re-appear Candidates)

*Time allowed : **3** hours ]* *[ Maximum Marks : **80***

- *कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित प्रश्न **35** हैं।*

  *Please make sure that the printed question paper are contains **35** questions.*

- *प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिये गये **कोड नम्बर** तथा **सेट** को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख्य-पृष्ठ पर लिखें।*

  *The **Code No.** and **Set** on the right side of the question paper should be written by the candidate on the front page of the answer-book.*

- *कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।*

  *Before beginning to answer a question, its Serial Number must be written.*

- *उत्तर-पुस्तिका के बीच में खाली पन्ना/पन्ने न छोड़ें।*

  *Don't leave blank page/pages in your answer-book.*

- *उत्तर-पुस्तिका के अतिरिक्त कोई अन्य शीट नहीं मिलेगी। अतः आवश्यकतानुसार ही लिखें और लिखा उत्तर न काटें।*

  *Except answer-book, no extra sheet will be given. Write to the point and do not strike the written answer.*

- *परीक्षार्थी अपना रोल नं० प्रश्न-पत्र पर अवश्य लिखें।*

  *Candidates must write their Roll Number on the question paper.*

- *कृपया प्रश्नों का उत्तर देने से पूर्व यह सुनिश्चित कर लें कि प्रश्न-पत्र पूर्ण व सही है,* ***परीक्षा के उपरान्त इस सम्बन्ध में कोई भी दावा स्वीकार नहीं किया जायेगा।***

  *Before answering the questions, ensure that you have been supplied the correct and complete question paper,* ***no claim in this regard, will be entertained after examination.***

---

*सामान्य निर्देश :*

(i) *इस प्रश्न-पत्र में कुल* **35** *प्रश्न हैं, जो कि* **चार** *खण्डों :* ***'अ', 'ब', 'स'*** *तथा* ***'द'*** *में विभक्त हैं।*

(ii) ***सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।***

(iii) ***खण्ड – 'अ'*** *में प्रश्न-संख्या* **1** *से* **4** *तक 6 अंकों वाले निबन्धात्मक प्रश्न हैं। इन प्रश्नों के उत्तर* **150-200** *शब्दों में दीजिए।*

(iv) ***खण्ड – 'ब'*** *में प्रश्न-संख्या* **5** *से* **9** *तक 4 अंकों वाले लघु उत्तरीय प्रश्न हैं। इन प्रश्नों के उत्तर* **50-60** *शब्दों में दीजिए।*

(v) ***खण्ड – 'स'*** *में प्रश्न-संख्या* **10** *से* **19** *तक 2 अंकों वाले अतिलघु उत्तरीय प्रश्न हैं। इन प्रश्नों के उत्तर* **20-30** *शब्दों में दीजिए।*

(vi) ***खण्ड – 'द'*** *में प्रश्न-संख्या* **20** *से* **35** *तक 1 अंक वाले बहुविकल्पीय प्रश्न हैं। इन प्रश्नों के उत्तर* ***सही*** *विकल्प का क्रमांक लिखकर दीजिए।*

(vii) *प्रश्न-पत्र में समग्र रूप से कोई विकल्प नहीं है। तथापि 6 अंकों वाले सभी निबन्धात्मक प्रश्नों में आन्तरिक चयन प्रदान किया गया है। ऐसे प्रश्नों में से आपको केवल* ***एक*** *ही प्रश्न करना है।*

***General Instructions :***

(i) *This question-paper contains* **35** *questions which are divided into* ***four*** *Sections :* ***'A', 'B', 'C'*** *&* ***'D'***.

(ii) ***All questions are compulsory.***

(iii) **Section – *'A'*** *consist of Question Nos.* **1** *to* **4** *Essay Type Questions of 6 marks each. Answer these questions in* **150-200** *words.*

*(iv)* ***Section – 'B'*** *consist of Question Nos.* **5** *to* **9** *Short Answer Type Questions of 4 marks each. Answer these questions in* **50-60** *words.*

*(v)* ***Section – 'C'*** *consist of Question Nos.* **10** *to* **19** *Very Short Answer Type Questions of 2 marks each. Answer these questions in* **20-30** *words.*

*(vi)* ***Section – 'D'*** *consist of Question Nos.* **20** *to* **35** *Multiple Choice type Questions of 1 mark each. Answer these questions by writing serial Number of the* ***correct*** *option.*

*(vii) There is no over-all choice. However, internal choice is given in all Essay Type Questions of 6 marks. You have to attempt only* ***one*** *of the given choice in such questions.*

## खण्ड – अ

## SECTION – A

### (निबन्धात्मक प्रश्न)

### (Essay Type Questions)

**1.** क्या आप इस तथ्य से सहमत हैं कि हड़प्पा सभ्यता के शहरों की जल-निकास प्रणाली नगर-योजना की ओर संकेत करती है ? 6

Do you agree with this view that the drainage system of Harappan Civilization indicated town planning ?

**अथवा**

**OR**

हड़प्पा सभ्यता में शिल्प उत्पादन के लिए प्रयुक्त कच्चे माल पर प्रकाश डालिए।

Throw light on the raw material for craft production in the Harappan Civilization.

**2.** सूफ़ीमत के मुख्य धार्मिक विश्वासों और आचारों की व्याख्या कीजिए। 6

Discuss the major religious beliefs and practices that characterized Sufism.

**अथवा**

**OR**

चर्चा कीजिए कि अलवार, नयनार और वीर शैवों ने किस प्रकार जाति प्रथा की आलोचना प्रस्तुत की ?

Discuss the ways in which the Alvars, Nayanars and Vira Shaivas expressed critiques of the Caste System ?

**3.** 1857 ई० के घटनाक्रम को निर्धारित करने में धार्मिक विश्वासों की किस हद तक भूमिका थी ? 6

Discuss the extent in which religious beliefs shaped the events of 1857 ?

**अथवा**

**OR**

अवध में विद्रोह की व्यापकता के उत्तरदायी प्रमुख कारणों की व्याख्या कीजिए।

Explain the major causes responsible for the wide spreadness of the revolt in Awadh.

**4.** निजी पत्रों और आत्मकथाओं से किसी व्यक्ति के बारे में क्या पता चलता है ? ये स्रोत सरकारी ब्योरों से किस तरह भिन्न होते हैं ? 6

What do private letters and autobiographies tell us about an individual ? How are these sources different from official accounts ?

**अथवा**

**OR**

गोलमेज सम्मेलनों में हुई वार्ता का कोई नतीजा क्यों नहीं निकल पाया ?

Why were the dialogues at the Round Table Conferences inconclusive ?

**खण्ड – ब**

**SECTION – B**

**(लघु उत्तरीय प्रश्न)**

**(Short Answer Type Questions)**

**5.** 'प्रयाग प्रशस्ति' के बारे में आप क्या जानते हैं ? 4

What do you know about 'Prayag Prashasti' ?

**6.** इब्न-बतूता द्वारा दास प्रथा के सम्बन्ध में दिए गए साक्ष्यों का वर्णन कीजिए। 4

Analyse the evidences for slavery provided by Ibn-Battuta.

**7.** विजयनगर साम्राज्य की खोज पर एक नोट लिखिए। 4

Write a note on the Discovery of Vijaynagar Empire.

**8.** "कृषि इतिहास के लेखन में आईन-ए-अकबरी काफी महत्त्वपूर्ण स्त्रोत है।" वर्णन करें। 4

"Ain-i-Akbari is a very important source in the writing of Agricultural History." Discuss.

**9.** प्रमुख भारतीय व्यापारियों ने औपनिवेशिक शहरों में खुद को किस तरह स्थापित किया ? 4

How did prominent Indian merchants established themselves in the Colonial cities ?

## खण्ड – स

## SECTION – C

### (अतिलघु उत्तरीय प्रश्न)

### (Very Short Answer Type Questions)

**10.** हड़प्पा की खोज कब हुई और इसकी खोज किसने की ? 2

When was Harappan Civilization discovered and who discovered it ?

**11.** सोने के सिक्के के बारे में एक संक्षिप्त नोट लिखिए। 2

Write a short note on Gold Coins.

**12.** स्तूप क्यों बनाए जाते थे ? 2

Why were Stupas built ?

**13.** अलबेरूनी कौन था ? उसे कौन-सी ***दो*** समस्याओं का सामना करना पड़ा ? 2

Who was Alberuni ? Write any ***two*** problems faced by him.

**14.** 'जोगी' कौन थे ? 2

Who were the 'Jogis' ?

**15.** अकबर के शासनकाल में कृषि-योग्य भूमि के विभाजन को स्पष्ट करें। 2

Explain the division of arable land during the reign of Akbar.

**16.** मुगलों की हरम व्यवस्था के बारे में आप क्या जानते हैं ? 2

What do you know about the Haram System in the Mughal period ?

**17.** अकबर के दीन-ए-इलाही पर एक संक्षिप्त नोट लिखिए। 2

Write a short note on Akbar's Din-i-Ilahi.

**18.** पूना पैक्ट के बारे में आप क्या जानते हैं ? 2

What do you know about Poona Pact ?

**19.** साइमन कमीशन का कांग्रेस ने विरोध क्यों किया ? 2

Why did Congress opposed Simon Commission ?

**खण्ड – द**

**SECTION – D**

**(बहुविकल्पीय प्रश्न)**

**(Multiple Choice Type Questions)**

**20.** हड़प्पा संस्कृति के लोग निम्नलिखित में से किस धातु से अनभिज्ञ थे ? 1

(अ) लोहा (ब) ताँबा

(स) काँसा (द) उपरोक्त सभी

Which of the following metal was ***not*** known by Harappan culture people ?

(a) Iron

(b) Copper

(c) Bronze

(d) All of the above

**21.** एकलव्य की कथा का सम्बन्ध किस ग्रन्थ के साथ है ? 1

(अ) महाभारत (ब) रामायण

(स) पुराण (द) बौद्ध साहित्य

The story of Eklavya has been described in one of the following books :

(a) Mahabharata (b) Ramayana

(c) Puranas (d) Buddhist Literature

**22.** महावीर का बचपन में नाम था : 1

(अ) सिद्धार्थ (ब) वर्धमान

(स) सिद्धान्त (द) शुद्धोधन

The childhood name of Mahavira was :

(a) Siddhartha (b) Vardhaman

(c) Siddhant (d) Shuddhodhan

**23.** विजयनगर साम्राज्य के शासकों को कहा जाता था : 1

(अ) सुल्तान (ब) सम्राट्

(स) महाराजा (द) राय

The rulers of Vijaynagar Empire were called as :

(a) Sultan (b) Samrat

(c) Maharaja (d) Rai

**24.** अकबर की मृत्यु कब हुई थी ? 1

(अ) 1530 ई० में (ब) 1605 ई० में

(स) 1556 ई० में (द) 1707 ई० में

When Akbar died ?

(a) 1530 AD (b) 1605 AD

(c) 1556 AD (d) 1707 AD

**25.** रैयतवाड़ी व्यवस्था कहाँ लागू की गई ? 1

(अ) बंगाल में (ब) पंजाब में

(स) आसाम में (द) मद्रास में

In which State the Ryotwari System was introduced ?

(a) Bengal (b) Punjab

(c) Assam (d) Madras

**26.** ब्रिटिश संसद ने 'पाँचवी रिपोर्ट' कब प्रस्तुत की ? 1

(अ) 1813 ई० में (ब) 1713 ई० में

(स) 1613 ई० में (द) 1913 ई० में

When the 'Fifth Report' was introduced in the British Parliament ?

(a) 1813 AD (b) 1713 AD

(c) 1613 AD (d) 1913 AD

**27.** भारत के लिए नए समुद्री मार्ग की खोज किसने की थी ? 1

(अ) कोलम्बस (ब) वास्कोडिगामा

(स) कांउट-डि-लैली (द) लॉर्ड वैलेस्ली

Who discovered the New Sea Route for India ?

(a) Columbus (b) Vascodigama

(c) Count-d-Lali (d) Lord Wellesley

**28.** 'स्वराज पार्टी' का गठन किसने किया था ? 1

(अ) महात्मा गाँधी (ब) सरदार पटेल

(स) सी० आर० दास (द) पंडित जवाहरलाल नेहरू

Who founded the 'Swaraj Party' ?

(a) Mahatma Gandhi (b) Sardar Patel

(c) C. R. Das (d) Pt. J. L. Nehru

**29.** स्वतन्त्र भारत के प्रथम गवर्नर जनरल थे : 1

(अ) लॉर्ड माउंटबेटन (ब) पंडित जवाहरलाल नेहरू

(स) सरदार पटेल (द) लॉर्ड वावेल

The First Governor General of Independent India was :

(a) Lord Mountbatten (b) Pt. J. L. Nehru

(c) Sardar Patel (d) Lord Wavell

**30.** जिन्ना को 'क़ायदे आज़म' किसने कहा था ? 1

(अ) पंडित जवाहरलाल नेहरू ने (ब) महात्मा गाँधी ने

(स) सरदार पटेल ने (द) लॉर्ड वावेल ने

Who called Jinnah as 'Quaid-i-Azam' ?

(a) Pt. Jawahar Lal Nehru

(b) Mahatma Gandhi

(c) Sardar Patel

(d) Lord Wavell

**31.** 3 जून, 1947 ई० को किस योजना की घोषणा की गई ? 1

(अ) वावेल योजना

(ब) क्रिप्स योजना

(स) कैबिनेट योजना

(द) माउंटबेटन योजना

Which Plan was announced on 3rd June, 1947 ?

(a) Wavell Plan

(b) Cripps Plan

(c) Cabinet Mission Plan

(d) Mountbatten Plan

**32.** भारतीय संविधान सभा का गठन कब हुआ था ? 1

(अ) जुलाई, 1945 ई०

(ब) जुलाई, 1946 ई०

(स) अगस्त, 1947 ई०

(द) जुलाई, 1947 ई०

When the Indian Constituent Assembly came into existence ?

(a) July, 1945 AD

(b) July 1946 AD

(c) August, 1947 AD

(d) July, 1947 AD

**33.** संविधान सभा की कुल कितने दिनों की बैठकें हुई थीं ? 1

(अ) 125 दिन (ब) 145 दिन

(स) 165 दिन (द) 155 दिन

How many days the meeting of the Constituent Assembly took place ?

(a) 125 days (b) 145 days

(c) 165 days (d) 155 days

**34.** संविधान सभा के सम्मुख 'उद्देश्य प्रस्ताव' किसने पारित किया ? 1

(अ) पंडित जवाहरलाल नेहरू ने (ब) डॉ० भीम राव अम्बेडकर ने

(स) डॉ० राजेन्द्र प्रसाद ने (द) सरदार पटेल ने

Who presented the 'Objective Resolution' in the Constituent Assembly ?

(a) Pt. J. L. Nehru (b) Dr. B. R. Ambedkar

(c) Dr. Rajendra Prasad (d) Sardar Patel

**35.** मीराबाई की शादी किस परिवार में हुई थी ? 1

(अ) जयपुर के परिवार में (ब) जोधपुर के परिवार में

(स) बीकानेर के परिवार में (द) मेवाड़ के परिवार में

Mira Bai got married in which family ?

(a) In the family of Jaipur
(b) In the family of Jodhpur
(c) In the family of Bikaner
(d) In the family of Mewar